46

## बिहार सरकार

### ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Avinash Kumar Mishra (Reg No. 1240229) Add:- C/O:-Ram Kumar Mishra, Vill:-Ojhaul, Bridge Ojhaul, Darbhanga, Bihar, Pincode:- 846003 को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9500 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध दिनांक 12.09.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

10/10/2025

### आदेश

याचिकाकर्त्ता Avinash Kumar Mishra (Reg No. 1240229) Add:- C/O:-Ram Kumar Mishra, Vill:-Ojhaul, Bridge Ojhaul, Darbhanga, Bihar, Pincode:- 846003 एवं विभाग की ओर से सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 उपस्थित।

प्रस्तुत मामला मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के अधीन Package No. RRSMP/24-25 Darbhanga-01/03 (Tender ID- 139187) की निविदा में संवेदक Avinash Kumar Mishra (Reg No. 1240229) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र की जॉच कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी तटबंध प्रंडल, निर्मली, सुपौल से करायी गयी जॉचोपरान्त प्रतिवेदित किया गया कि उक्त संवेदक द्वारा उनके कार्यालय में कोई कार्य नहीं किया गया है के आधार पर समरूप कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र गलत पाये जाने के कारण CMBD कि कंडिका– 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से संवेदक Avinash Kumar Mishra (Reg No. 1240229) अयोग्य किया गया।

तदालोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9500 दिनांक 02.09.2025 द्वारा संवेदक को 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने से संबंधित है।

संवेदक द्वारा उक्त कालीकृत आदेश के विरूद्ध दिनांक 12.09.2025 को विभागीय अपर मुख्य सचिव महोदय के समक्ष अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया। जिसमें उल्लेखित है कि निविदा की सारी प्रक्रिया साईबर कैफे द्वारा की जाती है। साईबर कैफे द्वारा ही किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर उक्त निविदा में इनके विरूद्ध गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिया गया। तदालोक में उक्त कालीकरण आदेश को निरस्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Avinash Kumar Mishra (Reg No. 1240229) Add:- C/O:-Ram Kumar Mishra, Vill:-Ojhaul, Bridge Ojhaul, Darbhanga, Bihar, Pincode:- 846003 से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक**–9500 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन (Reg. No. 1240229) को दिनांक 02.09.2025 से 03 (तीन:) माह के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

10/10/2025

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–141 / 2025 10865 / पटना, दिनांक– 15-10-25
प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/10/25

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–141 / 2025 10865 / पटना, दिनांक– 15-10-25
प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/10/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–141 / 2025 10865 / पटना, दिनांक– 15-10-25
प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–141 / 2025 10865 / पटना, दिनांक 15-10-25
निबंधित
प्रतिलिपिः– संवेदक Avinash Kumar Mishra, Add:- C/O:-Ram Kumar Mishra, Vill:-Ojhaul, Bridge Ojhaul, Darbhanga, Bihar, Pincode:- 846003 को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–141 / 2025 10865 / पटना, दिनांक– 15-10-25
प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/10/25

सरकार के संयुक्त सचिव